# लोगों के आने का इंतजार ना करें, कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाएं-कलेक्टर



**स्वतंत्र एलान रिपोर्टर**


रतलाम कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में शहर एसडीएम तथा निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि वे लोगों के आने का इंतजार ना करें बल्कि कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए ताकि लोगों को फायदा मिलने में विलंब नहीं हो। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उचित मूल्य की दुकानों पर स्थाई कैंप लगाएं जो लगभग 7 दिन का हो। शहर की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शहर के लगभग 30 वार्डों में ही मुख्य रूप से फोकस करना होगा जहां आयुष्मान कार्ड के पात्र व्यक्ति अधिकतर रहते हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि डोर-टू-डोर कील कोरोना सर्वे के साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी जारी रखा जाए, इससे मास्टर डाटा भी कलेक्ट हो सकेगा। साथ ही समय सीमा में कार्ड बनाने के लक्ष्य की पूर्ति हो सकेगी। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रतिदिन का लक्ष्य दिया। इस अनुसार शहर में प्रतिदिन ढाई हजार रतलाम ग्रामीण में 400, जावरा व पिपलोदा में 1500, आलोट में 1500, सैलाना में भी 1500 कार्ड प्रतिदिन बनाए जाना है। लक्ष्य अनुसार जिले में प्रतिदिन 7000 कार्ड बनेंगे कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एक दिन पूर्व लोगों को बता दिया जाए कि कल आपका कार्ड आपकी उचित मूल्य दुकान पर बनाया जाएगा। आपूर्ति विभाग का इंस्पेक्टर प्रतिदिन शहर की दुकानों पर भ्रमण करे और समय सीमा सुबह 9 से 5 बजे तक दुकानें खुली रखवाए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई, संतुष्टि का प्रतिशत देखा। राजस्व विभाग को निर्देश दिया कि 20 जुलाई तक संतुष्टि सर्वोच्च लेवल पर दिखे। आलोट तहसीलदार को परफारमेंस सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में जब तक संतुष्टि का स्तर 75 प्रतिशत नहीं होगा तब तक ए ग्रेड में विभाग नहीं आ सकता। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में पीएचई के परफॉर्मेंस पर नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी रैंकिंग में राजस्व विभाग टॉप पर आए, ग्रामीण विकास टॉप फाइव में सम्मिलित हो। कोविड-समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी किसी भी लहर से निपटने के लिए पहले से पूर्व तैयारी जिले में रखी जाना है। बच्चों की केयर के लिए ट्रेंड स्टाफ होना चाहिए। बताया गया कि इस संबंध में ट्रेनिंग जारी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मैदानी अमले की ट्रेनिंग जिला चिकित्सालय में बुलाकर की जाए। मैदानी क्षेत्रों में प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर और बिस्तरों की व्यवस्था रखी जाए। प्रधानमंत्री कौशल केंद्र द्वारा भी चिकित्सा वालंटियर तैयार किए जा रहे हैं वहां कस्टमाइज ट्रेनिंग दी जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्राथमिक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी बेड ऑक्सीजन युक्त हो। सीएमएचओ को निर्देश दिए कि एक चेक लिस्ट बनाएं, हर एक स्वास्थ्य केंद्र का डाटा हो। प्लान करें कि राउंड द क्लॉक स्टाफ की उपलब्धता हो, सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी प्रशिक्षित की जाना है। कलेक्टर ने कहा कि इस बार यदि तीसरी लहर आती है तो हमारी तैयारी रहेगी कि हम ग्रास रूट लेवल पर ही शुरुआत से काम कर सकेंगे। वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में शनिवार को व्यापक वृक्षारोपण किया जाए। रतलाम के हनुमान ताल पर बुधवार को प्रातः 9:30 बजे वृक्षारोपण किया जाएगा। बताया गया कि नेशनल हाईवे विभाग 10 हजार पौधे लगा रहा है। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रोजगार मेले हर एक विकासखंड पर आयोजित करना है, चालू माह में प्रत्येक विकासखंड में कम से कम एक एक रोजगार मेला आयोजित करना है। सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि रोजगार मेलो की प्लान करें, नोडल अधिकारी आईटीआई प्राचार्य को निर्देश दिए शहर में बड़ा रोजगार मेला करना है। इसके अलावा जिले में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों के लिए सभी एसडीएम से बात करें। बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के तहत में जिले के 53 गांवों में स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भूमि चिन्हित की जाना है, इसके लिए सभी बीएमओ अपने एसडीएम, तहसीलदार से समन्वय करके भूमि चिन्हित करेंगे। बैठक में जीएमडीआईसी को निर्देश दिए रतलाम औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए भ्रमण करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। परियोजना अधिकारी शहरी विकास को निर्देश दिए कि संकल्प से सिद्धि योजना की सतत मानिटरिंग कर के प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

स्वतंत्र एलान 14/7/21

# निर्धारित व्यवस्था अनुसार लगवाएं टीका : कलेक्टर

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम

मो.नं. 9425195101



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नागरिकों से अपील की है कि बुधवार को रतलाम शहर में होने वाले टीकाकरण के लिए तीन तरह के सेंटर बनाए गए हैं। पहले डोज के लिए मतदान केंद्रवार टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। सेकंड डोज के लिए 5 सत्र स्थल निर्धारित है तथा स्लॉट बुकिंग के लिए 2 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। पहले डोज के लिए सभी नागरिक इस व्यवस्था के तहत निर्धारित मतदान केंद्र से संबंधित टीकाकरण स्थल पर पहुंचकर टीकाकरण करवाएं। अपने साथ आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र अवश्य ले जाएं।

उन्होंने कहा कि दूसरे डोज के लिए अलग से टीकाकरण केंद्र शहर में स्थापित किए गए हैं। यहां कोई भी व्यक्ति किसी भी टीकाकरण स्थल पर पहुंचकर सेकंड डोज लगवा सकता है। इसी प्रकार स्लॉट बुकिंग वालों के लिए भी दो केंद्र निर्धारित हैं। वे उसी केंद्र पर पहुंचकर टीकाकरण करवाएं। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने नागरिकों से अपील की है कि टीकाकरण में अनावश्यक भीड़ न करें और व्यवस्था के अनुरूप ही टीकाकरण करवाएं। उन्होंने बताया कि टीकाकरण की व्यवस्था आगे भी लागू रहेगी। सभी वार्डों में रोटेशनवार टीकाकरण किया जाएगा।

एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि बुधवार को रतलाम नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रवार टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए जिस मतदान केंद्र पर मतदाता का नाम है, वह उसी मतदान केंद्र क्रमांक के लिए निर्धारित सेंटर पर पहुंचकर टीका लगवाएंगे। टीकाकरण के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने साथ आधार कार्ड और मतदाता परिचय पत्र अवश्य लाएंगे। टीकाकरण स्थल पर मौजूद बीएलओ द्वारा उनके एपिक कार्ड से मिलान कर टीकाकरण किया जाएगा।

पीपुल्स समाचार 14/7/21

## **बारिश :** शाम 5 बजे गंगासागर कॉलोनी व बरबड़ में बारिश तो अलकापुरी चौराहा सूखा, 7 बजे शहर तरबतर, जिला सामान्य बारिश से पौने तीन इंच पीछे



**रतलाम** | जिले में मंगलवार को मौसम का दोहरा मिजाज देखने को मिला। शाम 5 बजे खंड वर्षा हुई, यानी गंगासागर, बरबड़ क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी वहीं अलकापुरी चौराहा सूखा था। शाम 5 बजे अलकापुरी में बारिश हो रही थी सैलाना बस स्टैंड सूखा था। शाम 7 बजे तेज बारिश हुई । जिले में 24 घंटे में 1.2 मिमी बारिश हुई है। आलोट में 10 मिमी बारिश दर्ज की। जिले में करीब आठ इंच (196.3 मिमी) बारिश दर्ज की गई है। जोकि पिछले साल से तीन इंच (79.9 मिमी) कम है। पिछले साल अब तक 11 इंच (276.2 मिमी) बारिश हो गई थी। जिले में सबसे ज्यादा जावरा में साढ़े ग्यारह इंच (288.0 मिमी) बारिश दर्ज की गई। रावटी में पौने ग्यारह इंच (268.8 मिमी) बारिश हुई है। सबसे कम बाजना में सवा तीन इंच (80 मिमी) बारिश ही हुई है। फोटो-राकेश पोरवाल

दै. भास्कर 14/7/21

कोरोना महामारी से निपटने

# शहर में आज टीकाकरण के लिए 19 स्थल निर्धारित, अब परिचय पत्र भी साथ रखना होगा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कोरोना टीकाकरण अभियान के अंतर्गत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम शहर में 14 जुलाई को टीकाकरण के लिए विभिन्न स्थानों का निर्धारण किया गया है।

बुधवार को रतलाम शहर में प्रथम डोज के लिए 13 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। सिर्फ सेकंड डोज के लिए 5 सत्र स्थल निर्धारित हैं। सिर्फ स्लॉट बुकिंग के लिए 2 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। एसडीएम के अनुसार बुधवार को रतलाम नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रवार टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए जिस मतदान केंद्र पर मतदाता का नाम है, वह उसी मतदान केंद्र क्रमांक के लिए निर्धारित सेंटर पर पहुंचकर टीका लगवाएंगे। टीकाकरण के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने साथ आधार कार्ड और मतदाता परिचय पत्र अवश्य लाएंगे। टीकाकरण स्थल पर मौजूद बीएलओ द्वारा उनके एपिक कार्ड से मिलान कर टीकाकरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि टीकाकरण मतदान केंद्रवार होगा इसलिए संबंधित व्यक्ति अपने मतदान केंद्र के लिए निर्धारित सेंटर पर ही पहुंचकर टीका लगवाएंगे। सभी वार्ड एवं मतदान केंद्रों के लिए रोटेशन के आधार पर टीकाकरण आगामी दिनों में किया जाएगा इसलिए अन्य वार्ड के या अन्य मतदान केंद्र के व्यक्ति टीकाकरण के लिए अपने मतदान केंद्र के अतिरिक्त अन्य स्थल पर टीकाकरण के लिए नहीं जाएं।

## सिर्फ सेकंड डोज के लिए पांच स्थानों पर होगा टीकाकरण

बुधवार को सिर्फ सेकंड डोज के लिए पांच स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 1 से 10 के नागरिकों के लिए कम्युनिटी हॉल अलकापुरी, वार्ड क्रमांक 11 से 20 के निवासियों के लिए काश्यप सभागृह सागोद रोड, वार्ड क्रमांक 21 से 30 के मतदाताओं के लिए मेहंदीकुई बालाजी, वार्ड क्रमांक 31 से 40 के लिए डीआरएम ऑफिस दो बत्ती तथा वार्ड क्रमांक 41 से 49 के निवासियों के लिए माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार में टीकाकरण किया जाएगा।

## सिर्फ स्लॉट बुकिंग के लिए दो स्थल निर्धारित

बुधवार को संपूर्ण शहर के लिए सिर्फ स्लॉट बुकिंग हेतु 2 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। यह स्थल हैं आईएमए हॉल राजेंद्र नगर एवं लायंस हॉल पावर हाउस रोड रतलाम। स्लॉट बुकिंग वाले व्यक्ति इन स्थानों पर पहुंचकर टीकाकरण करवा सकते हैं।

## प्रथम डोज के लिए रतलाम शहर में 13 सत्र स्थल निर्धारित

बुधवार को रतलाम शहर में प्रथम डोज के लिए 13 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं जहां 66 मतदान केंद्रों के निवासियों का टीकाकरण होगा। इनमें वार्ड क्रमांक 1 के 6 मतदान केंद्र के लिए रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, वार्ड क्रमांक 4 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल गुरु रामदास स्कूल, वार्ड क्रमांक 8 के 10 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास, वार्ड क्रमांक 11 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल बोधी स्कूल डोंगरे नगर, वार्ड क्रमांक 14 के 5 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल सरस्वती स्कूल काटजू नगर, वार्ड क्रमांक 17 के तीन मतदान केंद्रों के लिए उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड, वार्ड क्रमांक 21 के तीन मतदान केंद्रों के लिए स्थल सरस्वती स्कूल अमृत सागर, वार्ड क्रमांक 27 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल जमातखाना शेरानीपुरा, वार्ड क्रमांक 28 के 4 मतदान केंद्रों के लिए स्थल मांगलिक भवन दिलीप नगर, वार्ड क्रमांक 31 के 4 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल काजीखाना मस्जिद, वार्ड क्रमांक 34 के 4 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल उजाला पैलेस, वार्ड क्रमांक 41 के 3 मतदान केंद्रों के लिए माणक चौक स्कूल तथा वार्ड क्रमांक 47 के 5 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल मदरसा तालीमुल कुरआन नयापुरा रहेगा।

स्वदेश 14/7/21

# वैक्सीनेटेड शहर की तैयारी : 66 मतदान केंद्र के लोगों को लगेंगे टीके

## 23 हजार लोगों का लक्ष्य, 13 स्थानों पर मतदान केंद्र से जुड़े लोगों का होगा वैक्सीनेशन, अब आगे भी ऐसी ही रहेगी प्लानिंग

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की टीकाकरण व्यवस्था में बड़ा बदलाव हुआ है। आज तीन तरह से वैक्सीनेशन किया जाएगा। मतदान केंद्रवार लोगों को टीके लगेंगे, सेकंड डोज के लिए अलग सत्र रहेंगे, स्लॉट बुकिंग के लिए दो सत्र रखे हैं। जिले में 23 हजार लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। कलेक्टर ने बताया इसी अनुसार आगे टीकाकरण व्यवस्था जारी रहेगी। सभी वार्डों में रोटेशनवार टीकाकरण होगा।

बुधवार को रतलाम में मतदान केंद्रवार टीकाकरण किया जाएगा। जिस केंद्र पर मतदाता का नाम है, उसी केंद्र क्रमांक के लिए तय सेंटर पर टीका लगवा सकेंगे। टीकाकरण के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने साथ आधार कार्ड और मतदाता परिचय पत्र अवश्य लाएंगे। टीकाकरण स्थल पर मौजूद बीएलओ उनके एपिक कार्ड से मिलान कर टीकाकरण करवाएंगे। सभी वार्ड एवं केंद्रों के लिए रोटेशन के आधार पर टीकाकरण आगामी दिनों में किया जाएगा, इसलिए अन्य वार्ड या केंद्र के व्यक्ति अन्य स्थल पर ना जाएं।

### जानिए... किस वार्ड के लोग कहां वैक्सीन लगवाएं

- वार्ड क्रं.1 के 6 मतदान केंद्र के लिए रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा
- वार्ड क्रं. 4 के 6 मतदान केंद्रों के लिए गुरु रामदास स्कूल
- वार्ड क्रं. 8 के 10 मतदान केंद्रों के लिए प्रिंस पैलेस
- वार्ड क्रं. 11 के 6 मतदान केंद्रों के लिए बोधी स्कूल डोंगरे नगर
- वार्ड क्रं. 14 के 5 मतदान केंद्रों के लिए सरस्वती स्कूल काटजू नगर
- वार्ड क्रं. 17 के 3 मतदान केंद्रों के लिए उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड
- वार्ड क्रं. 21 के 3 मतदान केंद्रों के लिए सरस्वती स्कूल अमृत सागर
- वार्ड क्रं. 27 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल जमातखानाशेरानीपुरा
- वार्ड क्रं. 28 के 4 मतदान केंद्रों के लिए मांगलिक भवन दिलीप नगर
- वार्ड क्रं. 31 के 4 मतदान केंद्रों के लिए काजीखान मस्जिद
- वार्ड क्रं. 34 के 4 मतदान केंद्रों के लिए उजाला पैलेस
- वार्ड क्रं. 41 के 3 मतदान केंद्रों के लिए माणक चौक स्कूल
- वार्ड क्रं. 47 के 5 मतदान केंद्रों के लिए मदरसा तालीमुल कुरआन नयापुरा।

### सिर्फ दूसरे डोज के लिए 5 स्थानों पर टीकाकरण

बुधवार को सिर्फ दूसरे डोज के लिए 5 स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा। वार्ड क्रं. 1 से 10 के लोगों के लिए कम्युनिटी हॉल अलकापुरी, वार्ड क्रं. 11 से 20 के लोगों के लिए काश्यप सभागृह सागोद रोड, वार्ड क्रं. 21 से 30 के लोगों के लिए मेहंदीकुई बालाजी, वार्ड क्रं. 31 से 40 के लिए डीआरएम ऑफिस दो बत्ती व वार्ड क्रं. 41 से 49 के लोगों के लिए माहेश्वरी धर्मशाला में टीकाकरण होगा।

**स्पूतनिक-वी वैक्सीन... निजी अस्पताल ने दे रखा है आर्डर, डिलीवरी नहीं मिल रही :** शहर में स्पूतनिक-वी वैक्सीन को लेकर भी रुझान अच्छा दिखा है। रतलाम ही नहीं बल्कि आसपास के शहरों के लोगों ने भी यह वैक्सीन रतलाम के निजी अस्पताल में आकर लगवाई है। आरोग्यम हॉस्पिटल में वैक्सीन के 1100 डोज लग चुके है। अस्पताल संचालक गौरव मूणत ने बताया अभी 1200 वैक्सीन का आर्डर कर रखा है। डिलीवरी नहीं मिल रही है।

**दो स्थानों पर सिर्फ स्लॉट बुकिंग वालों को ही लगेंगे टीके :** बुधवार को पूरे शहर के लिए सिर्फ स्लॉट बुकिंग के लिए 2 सत्र स्थल तय किए है। आईएमए हॉल राजेंद्र नगर व लायंस हॉल पावर हाउस रोड पर पहुंचकर बुकिंग करवाने वाले लोग टीका लगवा सकते है। बुकिंग के लिए स्लॉट 13 जुलाई शाम 6 बजे खोले गए।

दै.भास्कर 14/7/21

## स्लाट बुकिंग कराकर टीकाकरण के लिए भी दो केंद्र बनाए

# 13 स्थानों पर पहली डोज, दूसरी के लिए पांच केंद्र

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** टीकाकरण में लोगों को होने वाली परेशानी खत्म करने के लिए अब व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। बुधवार को रतलाम शहर में होने वाले टीकाकरण के लिए तीन तरह के सेंटर बनाए गए हैं। पहले डोज के लिए 13 स्थानों पर 66 मतदान केंद्रों के निवासियों का टीकाकरण होगा। दूसरे डोज के लिए पांच सत्र स्थल निर्धारित हैं तथा स्लाट बुकिंग के लिए दो स्थल निर्धारित किए गए हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपील की है कि पहले डोज के लिए सभी नागरिक निर्धारित मतदान केंद्र से संबंधित टीकाकरण स्थल आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र साथ ले जाकर टीकाकरण करवाएं। उन्होंने कहा कि दूसरे डोज के लिए कोई भी व्यक्ति किसी भी स्थल पर टीका लगवा सकता है। सभी वार्डों में रोटेशनवार टीकाकरण किया जाएगा।

**दूसरे डोज के पांच केंद्र :** बुधवार को सिर्फ सेकंड डोज के लिए पांच स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 1 से 10 के नागरिकों के लिए कम्युनिटी हाल अलकापुरी, वार्ड 11 से 20 के निवासियों के लिए काश्यप सभागृह सागोद रोड, वार्ड 21 से 30 के मतदाताओं के लिए मेहंदीकुई बालाजी, वार्ड 31 से 40 के लिए डीआरएम आफिस दो बत्ती तथा वार्ड 41 से 49 के निवासियों के लिए माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार में टीकाकरण किया जाएगा।

**स्लाट बुकिंग के लिए दो स्थल निर्धारित :** बुधवार को आइएमए हाल राजेंद्र नगर एवं लायंस हाल पावर हाउस रोड पर स्लाट बुकिंग वाले व्यक्ति टीकाकरण करवा सकते हैं।

### पहला डोज इन स्थानों पर

- वार्ड एक के छह मतदान केंद्र के लिए रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा।
- वार्ड चार के छह मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल गुरु रामदास स्कूल।
- वार्ड आठ के दस मतदान केंद्रों के लिए प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास।
- वार्ड 11 के छह मतदान केंद्रों के लिए बोधि स्कूल डोंगरे नगर।
- वार्ड 14 के पांच मतदान केंद्रों के लिए सरस्वती स्कूल काटजू नगर।
- वार्ड 17 के तीन मतदान केंद्रों के लिए उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड।
- वार्ड 21 के तीन मतदान केंद्रों के लिए सरस्वती स्कूल अमृत सागर।
- वार्ड 27 के छह मतदान केंद्रों के लिए जमातखाना शेरानीपुरा।
- वार्ड 28 के चार मतदान केंद्रों के लिए मांगलिक भवन दिलीप नगर।
- वार्ड 31 के चार मतदान केंद्रों के लिए काजीखान मस्जिद।
- वार्ड 34 के चार मतदान केंद्रों के लिए उजाला पैलेस।
- वार्ड 41 के तीन मतदान केंद्रों के लिए माणक चौक स्कूल।
- वार्ड 47 के पांच मतदान केंद्रों के लिए मदरसा तालीमुल कुरआन नयापुरा।

नईदुनिया 14/7/21

# कोरोना पीड़ित परिवारों के फार्म भरे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अखिल भारतीय कांग्रेस के निर्देश पर कोविड आउटरीच प्रोग्राम के अंतर्गत दिलीप नगर, अर्जुन नगर, राजीव नगर, बजरंग नगर क्षेत्र में सेवा दल मध्य प्रदेश सचिव रजनीकांत व्यास के नेतृत्व में लगातार संपर्क कार्यक्रम चालू है। क्षेत्र में कोविड पीड़ित परिवारों से संपर्क कर फार्म भरे गए।

यूसुफ मंसूरी, बाबूलाल प्रजापति, संतोष शर्मा, गोपाल तिवारी, मुबारिक खान, राधेश्याम पांचाल, कन्हैयालाल, सरफराज भाई, अशफाक भाई, महफूज राजू, जालू भगौरा, बद्रीलाल पांचाल, अनीता बैरागी, मंजूबाला गुर्जर, काजल डामोर, सोमू शाह उपस्थित थे।



कोरोना पीड़ितों की जानकारी जुटाते हुए कांग्रेस सेवादल सदस्य। • नईदुनिया

### लगातार तीसरे दिन एक भी नया पाजिटिव नहीं

रतलाम। जिले में लगातार तीसरे दिन मंगलवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 13 है। जिले में अब तक 17497 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17173 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

### तीसरी लहर से बचाव हेतु सामूहिक प्रयास आवश्यक

मंदसौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना के पहले व दूसरे भयावह रूप को हम सभी ने देखा है। कई लोगों ने अपनों को खोया है तो कई इस विभीषिका को जीवनभर नहीं भूल पाएंगे। तीसरी लहर की आशंका सामने है, लेकिन हम मास्क लगाना भूलते जा रहे हैं। दो गज की दूरी दिखाई नहीं दे रही है। कोरोना की तीसरी लहर के प्रकोप से बचना है तो हम गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार में लिप्त नहीं रहें। यह बात डा. सुरेश जैन ने कही। वे 'स्वास्थ्य सेमिनार' को संबोधित कर रहे थे।

नईदुनिया 14/7/21

(6)

# आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु वार्डों की उचित मूल्य की दुकानों पर शिविरों का आयोजन

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र रतलाम के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड प्रतिदिन 4 वार्डों की उचित मूल्य की दुकानों पर बनाये जाएंगे।

आयुष्मान कार्ड वार्डवार बनाए जाने के तहत 14 जुलाई बुधवार को वार्ड क्रमांक 1 में सागर प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित 61, रिटायर्ड कॉलोनी अटैच दुकान विनोबा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार, वार्ड क्रमांक 2 में घनश्याम प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार मर्यादित लक्ष्मणपुरा, वार्ड क्रमांक 3 में पूजा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित जवाहर नगर अटैच दुकान शीतल महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित व वार्ड क्रमांक 4 में इंदिरा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित इन्द्रलोक नगर में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाएंगे। वार्डों की उचित मूल्य की दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु श्रीमती ज्योति सुनारिया सहायक आयुक्त नगर पालिक निगम रतलाम, सुश्री अंकिता पड्या सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रीमती रश्मि खांवेटे कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खाद्य विभाग, श्रीमती आयुषी पालीवाल समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी नगर पालिक निगम रतलाम, सहयोगी कर्मचारी सर्वश्री सतीश यादव, हरीश मिश्रा, वासुदेव बैरागी व प्रवीण शर्मा को नियुक्त किया गया है।

नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी उचित मूल्य की दुकानों से परिवार की जानकारी प्राप्त कर आयुष्मान कार्ड बनने से शेष रहे व्यक्तियों के मोबाईल से सूचना देकर कैम्प के लिए निर्धारित स्थान पर निर्धारित दिनांक को बुलवाकर हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही संपादित करेंगे साथ ही शेष रहे पात्र हितग्राहियों का घर-घर सर्वे कर कार्ड बनाने की कार्यवाही करेंगे।

आयुष्मान कार्ड से शेष रहे पात्र हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वे आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु समग्र आईडी, आधार कार्ड, खाद्यान्न पात्रता पर्ची के साथ निर्धारित दिनांको को अपने वार्ड की उचित मूल्य की दुकानें पर संपर्क कर कार्ड बनवाने की कार्यवाही संपादित करवायें।

प्रसारण 14/7/21

# 'आयुष्मान कार्ड के लिए इंतजार नहीं कराएं'

रतलाम, नप्र। बिना कोई देरी किए आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, ताकि लोगों को फायदा मिल सकें। कार्ड बनाए जाने के लिए लोगों का इंतजार नहीं करें बल्कि कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।

ये निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने एसडीएम तथा निगम आयुक्त को दिए। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उचित मूल्य की दुकानों पर स्थाई कैंप लगाएं हफ्ते भर का लगाया जाए। जिसमें भी शहर के लगभग 30 वार्डों में ही खासतौर फोकस करना होगा जहां आयुष्मान कार्ड के पात्र व्यक्ति अधिकतर रहते हैं। डोर टू डोर कोल कोरोना सर्वे के साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने का काम भी जारी रखा जाए इससे मास्टर डाटा भी कलेक्ट हो सकेगा। साथ ही समय सीमा में कार्ड बनाने के लक्ष्य की भी पूर्ति हो सकेगी। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए रोजाना का लक्ष्य भी दिया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एक दिन पहले लोगों को बता दिया जाए कि कल आपका कार्ड आपकी उचित मूल्य दुकान पर बनाया जाएगा। आपूर्ति विभाग का इंस्पेक्टर रोजाना शहर की दुकानों पर भ्रमण करें और समय सीमा सुबह 9 से 5 बजे तक दुकानें खुली रखवाई जाए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में पीएचई के परफॉर्मेंस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई।। कोविड समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी किसी भी लहर से निबटने के लिए जिले में पहले से तैयारी रखी जाना है। बच्चों की केयर के लिए ट्रेंड स्टाफ होना चाहिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मैदानी अमले की ट्रेनिंग जिला चिकित्सालय में बुलाकर की जाए।

मैदानी क्षेत्रों में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर और बिस्तरों की व्यवस्था रखी जाए। सीएमएचओ को निर्देश दिए कि एक चेक लिस्ट बनाएं, हर एक स्वास्थ्य केन्द्र का डाटा हो। इस बार यदि तीसरी लहर आती है तो हमारी तैयारी रहेगी कि हम ग्रास रूट लेवल पर ही शुरुआत से काम कर सकेंगे। पौधरोपण अभियान की समीक्षा में निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में शनिवार को व्यापक पौधरोपण किया जाए। रतलाम के हनुमान ताल पर कल बुधवार को सुबह 9.30 बजे पौधरोपण करना बताया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रोजगार मेले हर एक विकासखंड पर आयोजित करना है। सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि रोजगार मेलो को प्लान करें। नोडल अधिकारी आईटीआई प्राचार्य को निर्देश दिए शहर में बड़ा रोजगार मेला करना है। इसके अलावा जिले में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों के लिए सभी एसडीएम से बात करें।

नवभास्कर 14/7/21

### शहर में होने वाले टीकाकरण के लिए तीन तरह के सेंटर बनाए

# मतदान केंद्रवार टीकाकरण, सेकंड डोज के लिए 5 और स्लॉट बुकिंग के लिए 2 सेंटर निर्धारित

## टीकाकरण के लिए निर्धारित व्यवस्था अनुसार टीकाकरण करवाएं : कलेक्टर

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम नागरिकों से अपील की है कि बुधवार को रतलाम शहर में होने वाले टीकाकरण के लिए तीन तरह के सेंटर बनाए गए है। पहले डोज के लिए मतदान केंद्रवार टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। सेकंड डोज के लिए 5 सत्र स्थल निर्धारित है तथा स्लॉट बुकिंग के लिए 2 सत्र स्थल निर्धारित किए गए है। पहले डोज के लिए सभी नागरिक इस व्यवस्था के तहत निर्धारित मतदान केंद्र से संबंधित टीकाकरण स्थल पर पहुंचकर टीकाकरण करवाएं। अपने साथ आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र अवश्य ले जाएं।

उन्होंने कहा कि दूसरे डोज के लिए अलग से टीकाकरण केंद्र शहर में स्थापित किए गए है। यहां कोई भी व्यक्ति किसी भी टीकाकरण स्थल पर पहुंचकर सेकंड डोज लगवा सकता है। इसी प्रकार स्लॉट बुकिंग वालों के लिए भी दो केंद निर्धारित है, वे उसी केंद्र पर पहुंचकर टीकाकरण करवाएं। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने नागरिकों से अपील की है कि टीकाकरण में अनावश्यक भीड़ न करें और व्यवस्था के अनुरूप टीकाकरण करवाएं। उन्होंने बताया कि टीकाकरण की व्यवस्था आगे भी लागू रहेगी। सभी वार्डों में रोटेशनवार टीकाकरण किया जाएगा।



### शहर में बुधवार को टीकाकरण के लिए स्थल निर्धारित

रतलाम। कोरोना टीकाकरण अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम शहर में बुधवार 14 जुलाई को टीकाकरण के लिए विभिन्न स्थानों का निर्धारण किया गया है। बुधवार को रतलाम शहर में प्रथम डोज के लिए 13 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। सिर्फ सेकंड डोज के लिए 5 सत्र स्थल निर्धारित हैं।

सिर्फ स्लॉट बुकिंग के लिए 2 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। एस डी म रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि बुधवार को रतलाम नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रवार टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए जिस मतदान केंद्र पर मतदाता का नाम है, वह उसी मतदान केंद्र क्रमांक के लिए निर्धारित सेंटर पर पहुंचकर टीका लगवाएंगे। टीकाकरण के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने साथ आधार कार्ड और मतदाता परिचय पत्र अवश्य लाएंगे। टीकाकरण स्थल पर मौजूद बी एल ओ द्वारा उनके एपिक कार्ड से मिलान कर टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टीकाकरण मतदान केंद्रवार होगा, इसलिए संबंधित व्यक्ति अपने मतदान केंद्र के लिए निर्धारित सेंटर पर ही पहुंचकर टीका लगवाएंगे। सभी वार्ड एवं मतदान केंद्रों के लिए रोटेशन के आधार पर टीकाकरण आगामी दिनों में किया जाएगा, इसलिए अन्य वार्ड के या अन्य मतदान केंद्र के व्यक्ति टीकाकरण के लिए अपने मतदान केंद्र के अतिरिक्त अन्य स्थल पर टीकाकरण के लिए नहीं जाएं।

### प्रथम डोज के लिए रतलाम शहर में 13 सत्र स्थल निर्धारित

बुधवार को रतलाम शहर में प्रथम डोज के लिए 13 सत्र स्थल निर्धारित किए गए है, जहां 66 मतदान केंद्रों के निवासियों का टीकाकरण होगा। इनमें वार्ड क्रमांक 1 के 6 मतदान केंद्र के लिए रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, वार्ड क्रमांक 4 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल गुरु रामदास स्कूल, वार्ड क्रमांक 8 के 10 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास, वार्ड क्रमांक 11 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल बोधी स्कूल डोंगरे नगर, वार्ड क्रमांक 14 के 5 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल सरस्वती स्कूल काटजू नगर, वार्ड क्रमांक 17 के तीन मतदान केंद्रों के लिए उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड, वार्ड क्रमांक 21 के तीन मतदान केंद्रों के लिए स्थल सरस्वती स्कूल अमृत सागर, वार्ड क्रमांक 27 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल जमातखाना शैलानीपुरा, वार्ड क्रमांक 28 के 4 मतदान केंद्रों के लिए स्थल मांगलिक भवन दिलीप नगर, वार्ड क्रमांक 31 के 4 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल काजीखाना मस्जिद, वार्ड क्रमांक 34 के 4 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल उजाला पैलेस, वार्ड क्रमांक 41 के 3 मतदान केंद्रों के लिए माणक चौक स्कूल तथा वार्ड क्रमांक 47 के 5 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल मदरसा तालीमुल कुरआन नयापुरा रहेगा।

### सिर्फ सेकंड डोज के लिए पांच स्थानों पर होगा टीकाकरण

बुधवार को सिर्फ सेकंड डोज के लिए पांच स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 1 से 10 के नागरिकों के लिए कम्युनिटी हॉल अलकापुरी, वार्ड क्रमांक 11 से 20 के निवासियों के लिए काश्यप सभागृह सागोद रोड, वार्ड क्रमांक 21 से 30 के मतदाताओं के लिए मेंहदीकुई बालाजी, वार्ड क्रमांक 31 से 40 के लिए डी आर एम ऑफिस दो बत्ती तथा वार्ड क्रमांक 41 से 49 के निवासियों के लिए माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार में टीकाकरण किया जाएगा।

### सिर्फ स्लॉट बुकिंग के लिए दो स्थल निर्धारित

बुधवार को संपूर्ण शहर के लिए सिर्फ स्लाट बुकिंग हेतु 2 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। यह स्थल है आईएमए हॉल राजेंद्र नगर एवं लायंस हॉल पावर हाउस रोड रतलाम। स्लाट बुकिंग वाले व्यक्ति इन स्थानों पर पहुंचकर टीकाकरण करवा सकते हैं।

निगम के बगीचों में संसाधन टूट गए, पर रखरखाव नहीं

# हर माह लाखों खर्च, बगीचे में सुधार नहीं

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

रतलाम. नगर निगम द्वारा संचालित शहर के बगीचों में हर माह मालियों के वेतन सहित अन्य कार्य के नाम पर मद में लाखों रुपए का व्यय तो हो रहा है, लेकिन मानसून के आगाज के बाद भी बगीचों के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर में पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा की परिषद के समय जो संसाधन बगीचों में लगाए गए थे, अब वो टूट गए है, लेकिन इनको बेहतर करने के प्रयास तक नहीं हो रहे है।

मोहल्ला हो या बगीचा, स्वच्छता का कार्य सभी को करना है। जहां गंदगी है, वहां कार्रवाई की जाएगी। जहां तक संसाधन के टूटने का सवाल है, उसको दुरस्त करवाया जाएगा।

**सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

## काटजू नगर में टूट गए संसाधन



शहर की पॉश कॉलोनी में कागज पर नगर निगम ने दो माली रखे हुए है। इनका काम संसाधन की देखभाल करना है। इसके अलावा निगम इन बगीचों के रखरखाव पर भी रुपए का व्यय दिखाती है, लेकिन हकीकत अलग है। यहां बच्चों के खेलने के काम आने वाले संसाधन लंबे समय से टूटे हुए है, लेकिन इसको संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है।

## सफाई तक नहीं हो रही



कहने को स्वच्छता अभियान चल रहा है, लेकिन बगीचों की सफाई तक नहीं हो रही है। मालियों का वेतन तो निगम का स्वास्थ्य विभाग देता है, लेकिन बगीचों में सफाई का अभाव है। ऐसे में गंदगी से भरे मोहल्लों के बगीचे आमजन के लिए परेशानी का कारण बन रहे है।

पत्रिका 14/7/21

# नगर निगम मनमाने नियम बनाकर लोगों को परेशान कर रहा : जाट

रतलाम। भवन, प्लॉट के नामांतरण, लीज नवीनीकरण के मनमाने नियम बनाकर नगर निगम लोगों को परेशान कर रहा है। यह शिकायत जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक सिंह जाट ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल को की है। जिलाध्यक्ष जाट ने बताया विकास शाखा में नामांतरण, लीज नवीनीकरण के लिए भूखंड या भवन के भाग होने का हवाला देकर उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश की अनुमति लाने को कहा जा रहा है। इस संबंध में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग उपसंचालक 29 जून को पत्र लिख चुके हैं। इसमें नामांतरण और लीज नवीनीकरण में टीएंडसीपी के पत्र जरूरत नहीं होने की बात कही है। बावजूद विकास शाखा के अफसर लगातार टीएंडसीपी का अभिमत लाने के लिए दबाव बना रहे हैं। यही स्थिति राशन कार्ड विभाग की है। शासन ने नए राशन कार्ड जारी करने पर प्रतिबंध लगाकर इसे लोक सूचना के माध्यम से संचालित करने को कहा है। कर्मचारियों ने राशन कार्ड में नाम जोड़ना, काटना, परिवर्तन, ट्रांसफर सर्टिफिकेट आदि बंद कर दिया है। पत्र में युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष जाट ने चेतावनी दी है कि उपरोक्त समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# पात्र हितग्राही अधिकाधिक बनवाएं आयुष्यान कार्ड–काश्यप

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयोजित हो रहे शिविरों में पात्र लोगों से अधिकाधिक कार्ड बनवाने की अपील की है। उनके अनुसार शासन की मंशा है कि आयुष्मान योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार को मिले। इसलिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। श्री काश्यप ने बताया कि शहरी क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड के लिए संबल पात्र परिवार, खाद्य सुरक्षा पर्ची धारक, असंगठित क्षेत्र के मजदूर परिवार पात्रता रखते हैं। इस योजना में मुख्य रूप से भिक्षावृत्ति करने वाले, घरेलू कामगारों, सड़क विक्रेता, फेरीवालों, निर्माण मजदूर, नलसाज, मकान बनाने वालों, रंगसाज, वेल्डर, सुरक्षाकर्मियों, कुली व सिर पर भार ढोने वालों, सफाईकर्मियों, माली, घरेलू कार्य करने वालों, शिल्पकार, हस्त कलाकार, दर्जी, परिवहन कामगार, वाहन चालक, परिचालक, ठेला व रिक्शा खींचने वाले, दुकान कार्यकर्ता, मिस्त्री, मरम्मत कर्मी और धोबी भी पात्र है। श्री काश्यप ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा

5

# सभी पात्र हितग्राही आयुष्मान कार्ड बनवाएं : कश्यप

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पात्र हितग्राही शिविर में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाएं। यह अपील विधायक चेतन्य काश्यप ने की है।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड के लिए संबल पात्र परिवार, खाद्य सुरक्षा पर्ची धारक, असंगठित क्षेत्र के मजदूर परिवार पात्रता रखते हैं। इसमें मुख्य रूप से भिक्षावृत्ति करने वाले, घरेलू कामगारों, सड़क विक्रेता, फेरीवालों, निर्माण मजदूर, नलसाज, मकान बनाने वालों, रंगसाज, वेल्डर, सुरक्षाकर्मियों, कुली व सिर पर भार ढोने वालों, सफाईकर्मियों, माली, घरेलू कार्य करने वाले, शिल्पकार, हस्त कलाकार, दर्जी, परिवहन कामगार, वाहन चालक, परिचालक, ठेला व रिक्शा खींचने वाले, दुकान कार्यकर्ता, मिस्त्री, मरम्मत कर्मी और धोबी पात्र हैं। हितग्राही प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे शिविर में जाकर कार्ड बनवाएं।

## आयुष्मान कार्ड को लेकर ग्रामीण परेशान

प्रीतमनगर | स्वास्थ्य सुविधा के लिए देश के प्रत्येक नागरिक का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश शासन दे रखे हैं। बावजूद गांव में आयुष्मान कार्ड नहीं बन रहे हैं। लगभग छह माह पहले पंचायत भवन में शिविर लगाया था। इसमें एजेंसी के माध्यम से कार्ड बनाने के लिए 50 रुपए व दस्तावेज लिए, अभी तक कई लोगों के कार्ड बनकर नहीं आए हैं। मांगीलाल पांचाल ने बताया कई बार पंचायत में जाकर पूछते हैं तो पंचायत वाले कार्ड बनाने वाले के मोबाइल नंबर देकर कहते हैं कि आप बात कर लो, जब एजेंसी वाले से बात करते हैं तो वह गांव सुजापुर आकर कार्ड ले जाने की बात कहता है। गांव में 50 प्रतिशत लोगों के ही कार्ड बन पाए हैं। 25 प्रतिशत लोगों के हाथों में ही कार्ड पहुंचा है।

दै. भास्कर 14/7/21

# पात्र हितग्राही अधिकाधिक बनवाएं आयुष्मान कार्ड- काश्यप

रतलाम ● विधायक चेतन्य काश्यप ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयोजित हो रहे शिविरों में पात्र लोगों से अधिकाधिक कार्ड बनवाने की अपील

# खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 19 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 12 जुलाई को 19 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

खुले में गंदगी करने वाले दुकानदार व नागरिकों पर लगाम लगाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह के साथ सैलाना रोड सहित अन्य क्षेत्रो का निरीक्षण कर खुले में गंदगी करने वाले 19 व्यक्तियों पर जुर्माना कर भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति ना करने की समझाईश दी।

खुले में गंदगी करने पर आशापुरा किराना, अब्बास, राधेश्याम पाण्डे, कैलाश बर्फवाला सैलाना रोड, गुप्ता मेडिकल सैलाना बस स्टैण्ड पर 250-250, विश्वमंगल नमकीन सैलाना रोड, कांतिलाल, विरेन्द्र, अब्दुल सैलाना बस स्टैण्ड, ईमरान, छगनलाल शहर सराय, महावीर चायवाला, मुकेश धानमण्डी, जितेन्द्र मीणा औद्योगिक क्षेत्र, अनिल, सत्यनारायण, भैय्याजी अलकापुरी, माणक मेडिकल राम मंदिर पर 100-100 व पारसिंह राम मंदिर पर 50 रुपये का स्पॉट फाईन किया गया।

प्रसारण 14/7/21

# वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

प्रसारण 14/7/21

# गंदगी मिली, एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

रतलाम | सफाई में लापरवाही बरतने वालों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। मंगलवार को जोन एक, दो व तीन में गंदगी मिलने पर तीन अधिकारी व कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटा। इनमें स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी विनय चौहान और वार्डों के दरोगा शामिल हैं।

दै. भास्कर 14/7/21

**निरीक्षण** सुबह से शाम तक विधायक चेतन्य काश्यप ने निगमायुक्त के साथ लिया जायजा

# शहर के 22 वार्डो की खराब सड़कें नए सिरे से बनेंगी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में सीवरेज, पेयजल प्रोजेक्ट सहित अन्य कार्यों के लिए की गई खोदाई व बारिश से खराब हुई सड़कों को नए सिरे से बनाए जाने की तैयारी है। मंगलवार को शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर की आंतरिक सड़कों व मुख्य मार्गों का जायजा लिया। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के साथ उन्होंने वार्ड एक से सुबह निरीक्षण कर देर शाम तक 22 वार्डों में सड़कों की स्थिति परखी और नगर निगम अमले को खराब सड़कों के पुर्ननिर्माण के लिए स्टीमेट बनाने तथा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए।

मालूम हो कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह की घोषणानुसार पंचवर्षीय योजना के तहत शहर में 126 किमी सड़कों का निर्माण किया जाना है। सीवरेज प्रोजेक्ट में कई मोहल्लों, कालोनियों पूरी सड़क ही खराब हो गई है। बारिश में रहवासियों को इससे सर्वाधिक परेशानी होती है। मिनी स्मार्ट सिटी में जहां शहर के प्रमुख मार्गों का निर्माण किया जा रहा है वहीं अब आंतरिक मार्गों को भी नए सिरे से बनाया जाएगा।

विधायक चेतन्य काश्यप ने



शहर की सड़कों का जायजा लेते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। नईदुनिया

## तत्काल मरम्मत भी होगी

काश्यप ने नाले नालियों, बगीचे एवं सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मौका मुआयना कर वर्षाकाल को देखते हुए जहां आवश्यक है वहां प्राथमिकता से तत्काल सुधार कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए। वार्डो में निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान सहायक यंत्री श्याम सोनी, पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया मौजूद रहे।

कालोनी, मोहल्ले एवं क्षेत्रीय स्तर की सड़कों के निरीक्षण के दौरान प्रत्येक क्षेत्र में डामरीकरण, सीमेंट-कंक्रीट और मरम्मत कार्य की आवश्यकता का आकलन करते हुए कार्य योजना बनाने पर बल दिया।

नईदुनिया 14/7/21

केंद्रों पर हो रही धक्का-मुक्की रोकने के लिए प्रशासन ने इस बार नई प्लानिंग की

# 7 हजार डोज के साथ आज से जिले में टीकाकरण, फिर से बदला गया चरण

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में 4 दिनों के बाद अब जाकर बुधवार को कोरोना वैक्सीन होगा। चार दिन बाद हो रहे टीकाकरण को लेकर भी महज सात हजार टीके ही लगाए जाने की व्यवस्था की गई है। टीकाकरण को लेकर प्रशासन ने अलग से चरणवार व्यवस्था तय की है जिसके तहत दो केंद्र ऐसे बनाए गए हैं, जहां पर पोर्टल पर एंट्री करने वाले लोगों को टीके लगेंगे जबकि 5 केंद्र सिर्फ सेकंड डोज का टीका लगवाने वालों के लिए बनाए गए हैं। सभी केंद्र पहला टीका लगवाने वालों के लिए रखा गया है। रिजर्व केंद्र भी बनाए हैं।

जिले में कुल 11 लाख से अधिक लोगों को कोविड-19 का टीका लगाया जाना है अब तक महज 3 लाख 45 हजार से अधिक को पहला डोज लगा है जबकि 71 हजार से अधिक लोग दूसरा डोज भी लगा चुके हैं। टीकाकरण केंद्रों पर टीका लगवाने के लिए हो रही धक्का-मुक्की रोकने के लिए प्रशासन ने इस बार अलग से प्लान तैयार कर उसे अमल में लाने के निर्देश दिए हैं।

## कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम अपील कर जानकारी दी है कि बुधवार को टीकाकरण के लिए तीन तरह के सेंटर बनाए गए हैं। सेकंड डोज के लिए 5 सत्र स्थल निर्धारित है तथा स्लॉट बुकिंग के लिए 2 सत्र स्थल निर्धारित किए हैं। पहले डोज के लिए सभी नागरिक इस व्यवस्था के तहत निर्धारित मतदान केंद्र से संबंधित टीकाकरण स्थल पर पहुंचकर टीकाकरण करवाएं।



## रोटेशनवार टीकाकरण

कलेक्टर ने कहा कि दूसरे डोज के लिए अलग से टीकाकरण केंद्र शहर में स्थापित किए गए हैं। यहां कोई भी व्यक्ति किसी भी टीकाकरण स्थल पर पहुंचकर सेकंड डोज लगवा सकता है। इसी प्रकार स्लॉट बुकिंग वालों के लिए भी दो केंद्र निर्धारित है। वे उसी केंद्र पर पहुंचकर टीकाकरण करवाएं। टीकाकरण की व्यवस्था आगे भी लागू रहेगी। रोटेशनवार टीकाकरण किया जाएगा।

## यहां, कितने केंद्र

रतलाम शहर में बुधवार 14 जुलाई को टीकाकरण के प्रथम डोज के लिए 13 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। सिर्फ सेकंड डोज के लिए 5 सत्र स्थल निर्धारित है । सिर्फ स्लॉट बुकिंग के लिए 2 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। वार्ड में भी टीकाकरण मतदान केंद्रवार होगा, इसलिए संबंधित व्यक्ति अपने मतदान केंद्र के लिए निर्धारित सेंटर पर ही पहुंचकर टीका लगवाएंगे । सभी वार्ड एवं मतदान केंद्रों के लिए रोटेशन के आधार पर टीकाकरण आगामी दिनों में किया जाएगा इसलिए अन्य वार्ड के या अन्य मतदान केंद्र के व्यक्ति टीकाकरण के लिए अपने मतदान केंद्र के अतिरिक्त अन्य स्थल पर टीकाकरण के लिए नहीं जाएं।

## 66 मतदान केंद्रों पर टीकाकरण

शहर में प्रथम डोज के लिए 13 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं, जहां 66 मतदान केंद्रों के निवासियों का टीकाकरण होगा। इनमें वार्ड 1 के 6 मतदान केंद्र के लिए रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, वार्ड 4 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल गुरु रामदास स्कूल, वार्ड 8 के 10 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास, वार्ड 11 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल बोधी स्कूल डोंगरे नगर, वार्ड 14 के 5 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल सरस्वती स्कूल काटजू नगर, वार्ड 17 के तीन मतदान केंद्रों के लिए उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड, वार्ड 21 के तीन मतदान केंद्रों के लिए स्थल सरस्वती स्कूल अमृत सागर, वार्ड 27 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल जमातखाना शेरानीपुरा, वार्ड 28 के 4 मतदान केंद्रों के लिए स्थल मांगलिक भवन दिलीप नगर, वार्ड 31 के 4 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल काजीखान मस्जिद, वार्ड 34 के 4 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल उजाला पैलेस, वार्ड 41 के 3 मतदान केंद्रों के लिए माणक चौक स्कूल तथा वार्ड 47 के 5 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल मदरसा तालीमुल कुरआन नयापुरा रहेगा।

## सेकंड डोज और स्लॉट बुकिंग

सेकंड डोज के लिए पांच स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा। वार्ड 1 से 10 के नागरिकों के लिए कम्युनिटी हॉल अलकापुरी, वार्ड 11 से 20 के निवासियों के लिए काश्यप सभागृह सागोद रोड, वार्ड 21 से 30 के मतदाताओं के लिए मेहंदीकुई बालाजी, वार्ड 31 से 40 के लिए डीआरएम ऑफिस दो बत्ती तथा वार्ड 41 से 49 के निवासियों के लिए माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार में टीकाकरण किया जाएगा। सिर्फ स्लाट बुकिंग के लिए 2 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। इनमें आईएमए हॉल राजेंद्र नगर एवं लायंस हॉल पावर हाउस रोड रतलाम।

पत्रिका 14/7/21

# रतलाम नहीं पहुंचे सीएम के रात 10 बजे तक बाजार चालू रखने के आदेश, 8 बजे ही बंद करा दिया मार्केट

**मुख्यमंत्री चौहान के आदेश का शहर में पालन नहीं होने से व्यापारियों में नाराजगी**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रदेश में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में आने पर सीएम शिवराजसिंह चौहान ने अनलॉक में छूट बढ़ाते हुए रात 10 बजे तक बाजार खोलने के आदेश जारी किए हैं। सीएम के आदेश के आधार पर मंगलवार को शहर के व्यापारियों ने दुकानें खुली रखी। रात 8 बजे बाद चीता फोर्स के जवान पहुंचे और दुकानदारों से बोले टाइम हो गया है दुकानें बंद करो।

दुकानदारों ने पूछा सीएम ने रात 10 बजे तक बाजार खुले रख सकने के आदेश जारी किए हैं। इस पर जवाब मिला हमारे पास आदेश नहीं आए हैं। आपको दुकानें बंद रखना पड़ेगी। सराफा बाजार के साथ ही नौलाईपुरा, माणकचौक, घास बाजार, चौमुखीपुल, गणेश देवरी, बजाज खाना, धानमंडी, शहर सराय, न्यू क्लाथ मार्केट, भुट्टा बाजार सहित अन्य बाजारों में खाने पीने की चलित दुकानें छोड़कर बाकी की सारी दुकानें रात 8 बजे बाद ही बंद करवा दी। कई दुकानों पर तो खरीददारी चल रही थी। इससे ग्राहकों को खाली हाथ लौटाया। इससे रात 8 बजे बाद पूरा बाजार ही बंद हो गया। सीएम के आदेश के बाद भी शहर में दुकानें बंद कराने से कारोबारियों में नाराजी है।



रतलाम के सराफा बाजार में रात 10-11 बजे तक रौनक रहा करती थी, प्रशासन अभी 8 बजे ही बाजार बंद करवा रहा है।

### 10 बजे तक बाजार खुलना चाहिए

संयुक्त व्यापारी संघ के मनोज झालानी ने बताया अनलॉक में छूट बढ़ाई गई है। साथ ही सीएम ने प्रदेश में रात 10 बजे तक बाजार खोलने के आदेश जारी किए है। तो फिर रतलाम में क्यों दुकानें बंद कराई जा रही है। पहले ही कारोबार नहीं है। ऊपर से दुकानें बंद कराई जा रही है। शहर में भी रात 10 बजे तक बाजार खुलना चाहिए ताकि व्यापारी कारोबार कर सकें।

दै. भास्कर 14/7/21

# नई व्यवस्था : आज मतदान केंद्र के आधार पर लगेगा टीका

**रतलाम।** शहर में 4 दिनों के बाद 14 जुलाई से नई व्यवस्था के साथ टीकाकरण अभियान शुरू होने जा रहा है। बुधवार को शहर में वैक्सीन के प्रथम डोज के लिए 13 केंद्र और दूसरे डोज के लिए 5 केंद्र और ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के लिए 2 केंद्र बनाए गए हैं।

## ▸ वैक्सीन के प्रथम डोज के लिए 13 केंद्र, दूसरे डोज के लिए 5 केंद्र बनाए

वहीं इस बार मतदान केंद्र के आधार पर टीकाकरण केंद्रों का निर्धारण किया गया है।

इसके लिए जिस मतदान केंद्र की मतदाता सूची में हितग्राही का नाम है। वह उस मतदान केंद्र के निर्धारित वैक्सीनेशन केंद्र पर जाकर टीका लगवा सकेगा। टीका लगवाने के लिए हितग्राही को अपने साथ अनिवार्य रूप से आधार कार्ड और मतदाता परिचय पत्र लेकर जाना होगा। टीकाकरण स्थल पर मौजूद बीएलओ द्वारा उनके एपिक कार्ड से मिलान कर ही टीकाकरण किया जाएगा। कोरोना टीकाकरण अभियान के अंतर्गत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम शहर में बुधवार 14 जुलाई को टीकाकरण के लिए विभिन्न स्थानों का निर्धारण किया गया है। बुधवार को रतलाम शहर में प्रथम डोज के लिए 13 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। सिर्फ सेकंड डोज के लिए 5 सत्र स्थल निर्धारित है । सिर्फ स्लॉट बुकिंग के लिए 2 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं।

एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि बुधवार को रतलाम नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रवार टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए जिस मतदान केंद्र पर मतदाता का नाम है, वह उसी



मतदान केंद्र क्रमांक के लिए निर्धारित सेंटर पर पहुंचकर टीका लगवाएंगे। टीकाकरण के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने साथ आधार कार्ड और मतदाता परिचय पत्र अवश्य लाएंगे। टीकाकरण स्थल पर मौजूद बीएलओ द्वारा उनके एपिक कार्ड से मिलान कर टीकाकरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि टीकाकरण मतदान केंद्रवार होगा इसलिए संबंधित व्यक्ति अपने मतदान केंद्र के लिए निर्धारित सेंटर पर ही पहुंचकर टीका लगवाएंगे । सभी वार्ड एवं मतदान केंद्रों के लिए रोटेशन के आधार पर टीकाकरण आगामी दिनों में किया जाएगा इसलिए अन्य वार्ड के या अन्य मतदान केंद्र के व्यक्ति टीकाकरण के लिए अपने मतदान केंद्र के अतिरिक्त अन्य स्थल पर टीकाकरण के लिए नहीं जाएं।

**प्रथम डोज के लिए रतलाम शहर में 13 सत्र स्थल निर्धारित:** बुधवार को रतलाम शहर में प्रथम डोज के लिए 13 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं जहां 66 मतदान केंद्रों के निवासियों का टीकाकरण होगा। इनमें वार्ड क्रमांक 1 के 6 मतदान केंद्र के लिए रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, वार्ड क्रमांक 4 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल गुरु रामदास स्कूल, वार्ड क्रमांक 8 के 10 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास, वार्ड क्रमांक 11 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल बोधी स्कूल डोंगरे नगर, वार्ड क्रमांक 14 के 5 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल सरस्वती स्कूल काटजू नगर, वार्ड क्रमांक 17 के तीन मतदान केंद्रों के लिए उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड, वार्ड क्रमांक 21 के तीन मतदान केंद्रों के लिए स्थल सरस्वती स्कूल अमृत सागर, वार्ड क्रमांक 27 के 6 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल जमातखाना शेरानीपुरा, वार्ड क्रमांक 28 के 4 मतदान केंद्रों के लिए स्थल मांगलिक भवन दिलीप नगर, वार्ड क्रमांक 31 के 4 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल काजीखान मस्जिद, वार्ड क्रमांक 34 के 4 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल उजाला पैलेस, वार्ड क्रमांक 41 के 3 मतदान केंद्रों के लिए माणक चौक स्कूल तथा वार्ड क्रमांक 47 के 5 मतदान केंद्रों के लिए सत्र स्थल मदरसा तालीमुल कुरआन नयापुरा रहेगा।

**स्लॉट बुकिंग के लिए दो स्थल निर्धारित:** बुधवार को संपूर्ण शहर के लिए सिर्फ स्लाट बुकिंग हेतु 2 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। यह स्थल हैं आईएमए हॉल राजेंद्र नगर एवं लायंस हॉल पावर हाउस रोड रतलाम। स्लाट बुकिंग वाले व्यक्ति इन स्थानों पर पहुंचकर टीकाकरण करवा सकते हैं।

## सिर्फ सेकंड डोज के लिए पांच स्थानों पर होगा टीकाकरण

बुधवार को सिर्फ सेकंड डोज के लिए पांच स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 1 से 10 के नागरिकों के लिए कम्युनिटी हॉल अलकापुरी, वार्ड क्रमांक 11 से 20 के निवासियों के लिए काश्यप सभागृह सागोद रोड, वार्ड क्रमांक 21 से 30 के मतदाताओं के लिए मेहंदीकुई बालाजी, वार्ड क्रमांक 31 से 40 के लिए डीआरएम ऑफिस दो बत्ती तथा वार्ड क्रमांक 41 से 49 के निवासियों के लिए माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार में टीकाकरण किया जाएगा।

नवभारत १५/७/२१

# सिटी रोड नेटवर्क : सीवरेज और पाइप लाइन खुदाई में खराब हुई 126 किमी की सड़कें फिर बनेंगी

- विधायक चेतन्य काश्यप ने 9 घंटे में 22 वार्डों में जाकर देखे जमीनी हालात
- एस्टीमेट बनाकर काम करने के दिए निर्देश

भास्कर संवाददाता | रतलाम

तीन साल में सीवरेज और पाइप लाइन की खुदाई से खराब सड़कों की हालत सुधरने लगेगी। सिटी रोड नेटवर्क प्लान में कॉलोनियों की आंतरिक और मुख्य मार्ग को ठीक करने के लिए काम शुरू होगा। मंगलवार को विधायक चेतन्य काश्यप ने 22 वार्डों में जाकर सड़कों के हालात देखे। 9 घंटे तक सड़कों की हालत देखने के बाद विधायक काश्यप ने नगर निगम अफसरों को एस्टीमेट बनाकर काम शुरू करने को कहा है। डामरीकरण, सीमेंट-कांक्रीट की सड़क की मरम्मत व ज्यादा खराब सड़कों के मेंटेनेंस को कहा है। 4 फरवरी को आए मुख्यमंत्री ने पांच साल के रोडमैप मैप को मंजूरी दी थी। सिटी रिंग रोड, आंतरिक सड़कों सहित 166.78 किमी लंबे रोड नेटवर्क को सुधारने में 126.53 करोड़ का खर्च होगा।



नयागांव रोड का निरीक्षण करते विधायक काश्यप।

## शहर के रोड नेटवर्क को सुधारने की यह है योजना

- 8.5 किमी लंबा इनर सिटी रिंग रोड, जिसमें से 2.5 किमी लगभग तैयार हो चुका है। ऑफिसर कॉलोनी से त्रिपोलिया गेट, बाजना बस स्टैंड से सैलाना बस स्टैंड तक 6 किमी रोड बनना है।
- 3.78 किमी लंबी 7 प्रमुख सड़कों को फोरलेन जितनी चौड़ा करेंगे।
- खुदाई से खराब 153 किमी लंबी सड़कें बनाई जाएंगी।
- 20 संकरी पुलियाएं को चौड़ा करके नए सिरे से बनाया जाएगा।

## शहर के बाकी 27 वार्डों का निरीक्षण भी जल्द ही करेंगे

49 में से 22 वार्ड का विधायक ने निरीक्षण किया। जल्द बाकी 27 वार्ड

## खुद भी मॉस्क लगाएं और...

रतलाम, नप्र। कोरोना-19 संक्रमण को नियंत्रण में करने के लिए जिले में कोविड अनुकूल व्यवहार जरूरी किया है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों, दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों से अपील की है कि खुद भी सही तरीके से मास्क लगाएं और दूसरों को भी मास्क लगाने के लिए कहें। दुकानों और बाजारों में दो गज की दूरी का पालन जरूरी रूप से हो इसका ख्याल रखा जाए। सार्वजनिक जगहों पर आधा दर्जन से ज्यादा लोग जमा ना होकर नियमों का पालन जरूरी रूप से कर कानूनी कार्यवाही से बचें।

नवभारत 14/7/21

## पात्र हितग्राही अधिकाधिक बनवाएं आयुष्यान कार्ड

रतलाम. शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयोजित हो रहे शिविरों में पात्र लोगों से अधिकाधिक कार्ड बनवाने की अपील की है। विधायक के अनुसार शासन की मंशा है कि आयुष्मान योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार को मिले। विधायक काश्यप ने बताया कि शहरी क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड के लिए संबल पात्र परिवार, खाद्य सुरक्षा पर्ची धारक, असंगठित क्षेत्र के मजदूर परिवार पात्रता रखते है। इस योजना में मुख्य रूप से भिक्षावृत्ति करने वाले, घरेलू कामगारों, सड़क विक्रेता, फेरीवालों, निर्माण मजदूर, नलसाज, मकान बनाने वालों, रंगसाज, वेल्डर, सुरक्षाकर्मियों, कुली व सिर पर भार ढोने वालों, सफाईकर्मियों, माली, घरेलू कार्य करने वालों, शिल्पकार, हस्त कलाकार, दर्जी, परिवहन कामगार, वाहन चालक, परिचालक, ठेला व रिक्शा खींचने वाले, दुकान कार्यकर्ता, मिस्त्री, मरम्मत कर्मी और धोबी भी पात्र हैं।

पत्रिका 14/7/21

## आज हनुमान ताल में 3000 पौधे लगाएंगे

रतलाम | प्रमुख पिकनिक स्पॉट बन चुके हनुमान ताल परिसर में 14 जुलाई को 3000 हजार पौधों का रोपण होगा। नगर निगम इसकी शुरुआत सुबह 9 बजे से करेगा। इसमें नगर निगम के अलावा प्रशासनिक अफसर और स्वयं सेवी संस्थाएं भी सहभागिता करेगी। मंगलवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक लेकर पौधरोपण की रुपरेखा तैयार की।

दै. भास्कर 14/7/21

## बिना मास्क पर केस

रतलाम। स्टेशन रोड थाना पुलिस ने चांदनी चौक के एक युवक के खिलाफ भादवि की धारा सहित आपदा प्रबंधन अधिनियम में केस दर्ज किया। युवक फ्रीगंज दुकान पर खुले मुंह बैठा था।

## पथ विक्रेता पी.एम. स्वनिधि के तहत 10 हजार का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करें

रतलाम। नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीयत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नही हुआ है, संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अपील की है कि नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पथ विक्रेता जिन्हे प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अन्तर्गत राशि रूपए 10 हजार का ऋण प्राप्त नही हुआ है, वे नगर निगम के हाथीखाना स्थित एन यू एल एम कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर शीघ्र ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करें। ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु पथ विक्रेता को आवश्यक दस्तावेज के रूप में, बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

प्रसारण 14/7/21

## बिना मॉस्क पर केस

रतलाम। स्टेशनरोड थाना पुलिस ने चांदनीचौक के एक युवक के खिलाफ भादवि की धारा सहित आपदा प्रबंधन अधिनियम में केस दर्ज किया।

प्रसारण 14/7/21

शहर कांग्रेस पहुंच रही-डोर टू डोर

# एक हजार से अधिक फॉर्म भरवाए



रतलाम @ पत्रिका. कोरोना काल में प्रभावित परिवार तक पहुंचने के लिए कांग्रेस ने अभियान चलाया हुआ है। इसके अंतर्गत सभी ब्लॉक अध्यक्ष अपनी टीम के साथ अपने अपने ब्लॉक के वार्डों में पहुंच रहे हैं। इसी के अंतर्गत मंगलवार को समाज की आर्थिक रूप से कमजोर बस्ती बजरंग नगर, अर्जुन नगर आदि क्षेत्र में कार्यकर्ता पहुंचे व सर्वे किया। अब तक एक हजार से अधिक फॉर्म भरवाए जा चुके है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कोविड आउटरीच आयोजन के अंतर्गत दिलीप नगर, अर्जुन नगर राजीव नगर बजरंग नगर क्षेत्र में सेवादल मध्यप्रदेश सचिव क्षेत्रीय पूर्व पार्षद रजनीकांत व्यास के नेतृत्व में लगातार संपर्क कार्य चल रहा है। क्षेत्र में कोविड पीड़ित परिवारों से संपर्क कर फॉर्म भरे गए। इस अवसर पर युसूफ मंसूरी, बाबूलाल प्रजापति, संतोष शर्मा गोपाल तिवारी, मुबारिक खान, राधेश्याम पांचाल, कन्हैयालाल,आलू भगोरा, बद्रीलाल पांचाल, अनीता बैरागी आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार शहर के चारों ब्लॉक अध्यक्ष भी अपने अपने वार्डों में अभियान चलाए हुए है।

पत्रिका 14/7/21



कोविड पीड़ित परिवारों से संपर्क कर फॉर्म भरे

# पात्र हितग्राही अधिकाधिक बनवाएं आयुष्यान कार्ड : काश्यप

प्रशासन न्यूज़ • रतलाम

विधायक चेतन्य काश्यप ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयोजित हो रहे शिविरों में पात्र लोगों से अधिकाधिक कार्ड बनवाने की अपील की है। उनके अनुसार शासन की मंशा है कि आयुष्मान योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार को मिले, इसलिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

श्री काश्यप ने बताया कि शहरी क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड के लिए संबल पात्र परिवार, खाद्य सुरक्षा पर्ची धारक, असंगठित क्षेत्र के मजदूर परिवार पात्रता रखते हैं। इस योजना में मुख्य रूप से भिक्षावृत्ति करने वाले, घरेलू कामगारों, सड़क विक्रेता, फेरीवालों, निर्माण मजदूर, नलसाज, मकान बनाने वालों, रंगसाज, वेल्डर, सुरक्षाकर्मियों, कुली व सिर पर भार ढोने वालों, सफाईकर्मियों, माली, घरेलू कार्य करने वालों, शिल्पकार, हस्त कलाकार, दर्जी, परिवहन कामगार, वाहन चालक, परिचालक, ठेला व रिक्शा खींचने वाले, दुकान कार्यकर्ता, मिस्त्री, मरम्मत कर्मी और धोबी भी पात्र हैं।

श्री काश्यप ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों की जानकारी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भी संबंधित परिवारों को दी जाएगी। उन्होंने पात्र परिवारों से इस योजना का लाभ लेने के लिए शिविर अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने का आव्हान किया है।

प्रशासन 14/7/21

# बगीचे में सफाई अभियान

रतलाम, नप्र। अखिल भारतीय हिन्दू महासभा धार्मिक स्थलों और आसपास के बगीचों की सफाई के साथ पौध रोपण के लिए आगे आया है। महासभा का मानना है कि धार्मिक स्थलों के आसपास के रास्ते और बगीचों की देखभाल सही से नहीं होने की वजह से लोगों को नाना तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हिन्दू महासभा की अध्यक्ष भारती यादव ने काटजू नगर स्थित महादेव मंदिर में और पास के ही बगीचे में विशेष सफाई अभियान चलाया। बता दें कि भारती यादव को कुछ दिनों पहले ही पौधरोपण अभियान के दौरान महादेव मंदिर और पास के बगीचे के देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी के चलते भारती यादव ने साथियों की मदद से विशेष अभियान के तहत महादेव मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्थल के आसपास से कचरा साफ किया ताकि मंदिर में आने वाले भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो। मंदिर के पास ही बगीचे में भी स्वच्छता अभियान चलाया जाकर बगीचे के अंदर और आसपास की सफाई की गई।

दै. भास्कर 14/7/21

निगम के अनुसार सूरज की तपन बढ़ते ही होगा ठीक

# धोलावाड़ डेम में बढ़ा मैलापन, घरों में आ रहा मटमैला पेयजल

पत्रिका
बिग इश्यू



रतलाम. शहर के कई क्षेत्र में मानसून की शुरुआत के साथ ही मटमैला पानी आने की शिकायत हो रही है। इसकी वजह धोलावाड डेम में टर्बिडिटी (मैलापन) का बढ़ना है। रहवासियों ने पेयजल विभाग में बताया भी, लेकिन समाधान नहीं हुआ है। अब क्षेत्रवासी आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

शहर में तीन दिन पहले ही मानसून की झमाझम बारिश हुई थी। तड़के तीन बजे बाद से हुई बारिश सुबह करीब 5 बजे तक जारी रही थी। दो घंटे में हुई एक इंच बारिश ने पेयजल के मटमैले आने की समस्या को शुरू कर दिया है। गांधीनगर, लक्ष्मणपुरा, इंदिरा नगर, ग्लोबस कॉलोनी, कस्तूरबा नगर, बड़बड़ क्षेत्र, टीआईटी रोड, स्टेशन रोड, पैलेस रोड, नजरबाग, प्रतापनगर, बिचलावास, श्रीमालीवास सहित कई क्षेत्र है जहां बारिश के बाद से मटमैला पानी नल में आ रहा है।

## फिटकरी के बाद भी सफाई नहीं

शहर में जो पेयजल वितरण होता है, वो मोरवानी फिल्टर प्लांट से साफ होकर पाइप लाइन के रास्ते टंकियों में भरा जाता है। मानसून के दौरान फिल्टर पानी भी हर बार मटमैला आता है। इससे आमजन को परेशानी होती है। रहवासियों के अनुसार बार बार बोलने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। अब आंदोलन की तैयारी की जाएगी। असल में जो पानी फिल्टर प्लांट तक आ रहा है, उसमे भी पानी में मिट्टी अधिक आ रही है। सफाई के बाद भी यह पानी पूरी तरह से साफ नहीं हो पा रहा है।

दो तीन दिन से वार्ड में मटमैला पानी आ रहा है। इस बारे में निगम को बता दिया गया है। एक सप्ताह में व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। - **हितेश पेमाल**, अध्यक्ष कांग्रेस अजा प्रकोष्ठ

मानसून के दौरान धोलावाड डेम में पानी में टर्बिडिटी बढ़ जाती है। इससे फिल्टर प्लांट तक जो पेयजल आता है, उसमे काफी मात्रा में मिट्टी साथ में आती है। इसको साफ किया जाता है व इसके बाद पेयजल का वितरण होता है। इसके बाद भी कुछ कण रह जाते है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ेगी, टर्बिडिटी अपने आप कम होगी।

- **एसपी आचार्य**, सहायक यंत्री, पेयजल विभाग नगर निगम

पत्रिका 15/7/21